राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने डॉ० राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 12 अक्टूबर, 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने महान समाजवादी नेता स्व० डॉ० राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में लोहिया नगर, कंकड़बाग, पटना के लोहिया उद्यान में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी स्व० डॉ० लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा एवं अन्य लोगों ने भी स्व० डॉ० लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन व गीत प्रस्तुत किये गये।

....